तापमान

अधिकतम 33 .5 डिग्री
न्यूनतम 26 .0 डिग्री

हरिभूमि

# हिसार भूमि

रोहतक, शुक्रवार, 18 जुलाई 2025



तीज सिंधारा उत्सव में गुजराती फ्लेवर दिखेगा 11





उकलाना में खाद विक्रेताओं पर सीएम फ्लाइंग की रेड 12




## खबर संक्षेप

### आज सुबह 8 से दस बजे तक बिजली रहेगी बाधित

**हिसार।** बिजली वितरण निगम 33 के. वी. सब स्टेशन सेक्टर 1-4 पर 18 जुलाई को मरम्मत कार्य के लिए शटडाउन लिया जाएगा जिसमें सब-स्टेशन से चलने वाले 11 केवी फीडरों पर सप्लाई सुबह 8 बजे से 10 बजे तक बाधित रहेगी। एसडीओ मनदीप कुंडू ने बताया कि मरम्मत कार्य के कारण 11 केवी सेक्टर 1-4 हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी फीडर, न्यू विनोद नगर फीडर, राम नगर फीडर, एमजी क्लब फीडर, सेक्टर 3-5 फीडर, कैप्टन स्कूल फीडर, ग्लोबल स्पेस,राज दरबार और साथ लगते एरिया की सप्लाई बाधित रहेगी।

### 21 बेसहारा पशुओं को भेजा गो-अभ्यारण

**हिसार।** निगमायुक्त नीरज के आदेशानुसार बेसहारा पशुओं को पकड़ने का अभियान की निरंतर जारी हैं। एएसआई संदीप कुमार ने बताया कि टीम ने पड़ाव चौक, सातरोड़, सेक्टर 28 के आस-पास के क्षेत्र से बेसहारा पशु पकड़ने का अभियान चलाया गया। इस दौरान टीम ने दो दिन में 21 बेसहारा पशुओं को पकड़कर गो-अभ्यारण में भेजा गया। बेसहारा पशु पकड़ने वाली टीम के साथ पुलिस विभाग की टीम भी मौजूद रही।

### ज्ञानदीप सेवार्थ आश्रम में जागरण 23 को

**हिसार।** शिव रात्रि के पावन पर्व पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 23 जुलाई को कैमरी रोड पर स्थित ज्ञानदीप सेवार्थ आश्रम में जागरण व विशाल भण्डारे का आयोजन किया जाएगा। आश्रम के गद्दीनशीन महंत राजेश्वरा नंद ने बताया कि पिछले 18 वर्षों से आश्रम में शिवरात्रि पर धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन रहता है। हरिद्वार से कांवड़ लाने वाले आश्रम से जुड़े सेवादार व कावड़ियों के लिए रहने खाने की व्यवस्था आश्रम में की जाती है। शिवरात्रि पर श्रद्धालुओं द्वारा भोले बाबा पर कावड़ चढ़ाई जाती है।

### रोटरी सेंट्रल हिसार आज वितरित करेगा 500 पौधे

**हिसार।** रोटरी सैंट्रल हिसार क्लब की ओर से 18 जुलाई को सायं 4:30 बजे फव्वारा चौक पर आईजी ऑफिस के सामने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत निःशुल्क पौधा वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसके तहत 500 पौधे निशुल्क वितरित किए जाएंगे। महाराज अरूट पार्क, मॉडल टाउन में भी रविवार सुबह ट्री-प्लांटेशन का एक कैंप लगाया जाएगा।

### ओशो ध्यान उपवन में शिव ध्यान शिविर 20 को

**हिसार।** शिवरात्रि के उपलक्ष्य में ओशो ध्यान उपवन में 20 जुलाई को शिव ध्यान शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस शिविर का संचालन आचार्य प्रभाकर करेंगे और शिव की ध्यान विधियों से रूबरू करवाएंगे। प्रातः 7.30 बजे से दोपहर 2.30 तक चलने वाले इस शिविर में विभिन्न सत्र रहेंगे। उपवन के संचालक एवं ध्यान शिविर के आयोजक स्वामी संजय ने बताया कि अब सावन का महीना है और भगवान शिव को यह माह विशेष रूप से प्रिय है। इस माह में प्रकृति में परिवर्तन होते हैं और पेड़-पौधों और जीव-जंतुओं में नई उमंग दिखाई देती है।

### चोरी का सामान खरीदने वाला आरोपी गिरफ्तार

**हांसी।** शहर थाना पुलिस ने चोरी का सामान खरीदने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान खटीकान मौहल्ला निवासी विशाल के रूप में हुई है। शहर थाना में तैनात एसआई मुकेश ने बताया कि आरोपी ने गत दिनों चारकुतुब गेट निवासी विशाल से चुराया गया सामान खरीदा था। पुलिस ने से जांच के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी का सामान बरामद कर कब्जा पुलिस में लेकर आरोपी को कानूनी कार्रवाई के उपरांत पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

---

### हिसार शहर को ट्रैफिक जाम से मुक्ति दिलाने के लिए बड़ा फैसला

# एक अगस्त से बस स्टैंड के पिछले गेट से निकाली जाएंगी रोडवेज बसें

## तलाकी गेट के पास फुटओवर ब्रिज को उपयुक्त स्थान पर किया जाएगा शिफ्ट

- कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

हिसार शहर में ट्रैफिक दबाव कम करने के लिए एक अगस्त से बस अड्डे के पिछले गेट से रोडवेज बसें निकाली जाएंगी।

इसके अतिरिक्त तलाकी गेट के समीप लगे फुटओवर ब्रिज को उपयुक्त स्थान पर शिफ्ट किया जाएगा। साथ ही, ई-रिक्शा इत्यादि की उचित व्यवस्था के लिए उन्हें निश्चित स्थान पर खड़ा कराया जाएगा।

यह निर्णय शहर को ट्रैफिक जाम से मुक्त करने के लिए कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा की अध्यक्षता में बनी कमेटी की दूसरी समीक्षा बैठक में लिए गए। बैठक में पूर्व मंत्री डॉ. कमल गुप्ता, विधायक सावित्री जिंदल, मेयर प्रवीण पोपली, उपायुक्त अनीश यादव, पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन सहित सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों ने अभी तक लिए गए निर्णयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। बैठक के दौरान अवगत करवाया गया कि लक्ष्मीबाई चौक से टाउन पार्क तक सड़क को फोरलेन से सिक्स लेन करने की दिशा में एक या दो महकमों को छोडक़र अन्य सभी से सहमति ले ली गई है। विस्तृत परियोजना भी बना ली गई है। डाबड़ा चौक पर लगने वाले जाम की समस्या के मद्देनजर हाल ही में दो प्रयोग किए गए थे। इनमें से एक प्रयोग सफल रहा और दूसरा असफल रहा। सफल प्रयोग को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए 9 सुझाव दिए गए हैं जिन पर जल्द ही कार्य आरंभ हो जाएगी। चावला अस्पताल के सामने वाले मार्ग से कब्जे हटाने तथा ट्रांसफार्मर को शिफ्ट करने की प्रक्रिया आगामी एक माह में की जाएगी।

इसी प्रकार से डाबड़ा माइनर पर बनने वाले मार्ग की रूपरेखा तैयार की गई है। गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय से ऑटो मार्केट की तरफ आने वाले चौक पर प्रतिमा लगाई जाएगी। कैबिनेट मंत्री ने सभी कार्यों के लिए टेंडर प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए ताकि एजेंसी फाइनल कर जल्द से जल्द कार्य शुरू किए जा सकें। वे शहर को ट्रैफिक जाम से मुक्त करने केलिए बनी कमेटी को लोक निर्माण विभाग की तरफ से जल्द ही 5 करोड़ रुपये भिजवा देंगे ताकि छोटे-मोटे कार्यों के लिए लंबी प्रक्रियाओं के चलते देरी न हो।



**हिसार।** अधिकारियों को निर्देश देते कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा, साथ हैं पूर्व मंत्री डॉ कमल गुप्ता, हिसार विधायक सावित्री जिंदल तथा महापौर प्रवीण पोपली। *फोटो : हरिभूमि*

#### मिनी अंडरपास बनेगा

बीकानेर चौक के समीप मुख्य मार्ग पर दोनों तरफ से आवागमन के लिए मिनी अंडरपास बनाने की योजना तैयार की जाएगी। इसी प्रकार से दक्षिणी बाइपास पर बालसमंद की और जाने वाले रास्ते पर बड़ा चौक बनाया जाएगा। कैमरी रोड से दक्षिणी बाइपास पर सातरोड की और जाने वाले लोगों की सुविधा के लिए लोक निर्माण विभाग द्वारा रास्ते का निर्माण किया जाएगा। इसके अतिरिक्त विभिन्न चौक पर स्लिप रोड बनाने के संबंध में भी विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। कैबिनेट मंत्री ने टेंडर प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए

---

# पेयजल से त्रस्त ग्रामीणों ने जलघर पर जड़ा ताला



**हांसी।** वाटर वर्क्स पर प्रदर्शन करते डाटा गांव के ग्रामीण।

- कार्यकारी अभियंता कार्यालय के घेराव की दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

उपमंडल के गांव डाटा में पेयजल की किल्लत झेल रहे ग्रामीणों का बुधवार शाम को गुस्सा फूट पड़ा और गांव की महिलाओं व पुरुषों ने मिलकर गांव में जलापूर्ति के लिए बनाए गए वाटर वर्कर्स पर ताला जड़ दिया। ग्रामीणों ने सरकार तथा जनस्वास्थ्य विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। वाटर वर्क्स के बाहर प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि जनस्वास्थ्य विभाग का जेई न तो कभी गांव में आता है, और न ही फोन उठाता है और न ही ग्रामीणों के साथ सही तरीके से बात करता है।

प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों के अनुसार उनके गांव में पिछले कई सप्ताह से पीने और सिंचाई के पानी की समस्या बनी हुई है। जिससे सभी बेहद परेशान हैं। युवा खाप प्रधान अमन डाटा कहा कि अगर जल्द समाधान उनकी पेयजल व सिंचाई के लिए पानी की व्यवस्था नहीं की तो हमें मजबूर होकर आंदोलन शुरू करना पड़ेगा और इसके लिए जनस्वास्थ्य और सिंचाई विभाग के अधिकारी जिम्मेवार होंगे। समस्या के समाधान के लिए यदि सिंचाई और जल आपूर्ति विभाग का घेराव करना पड़ा तो वे इससे भी गुरेज नहीं करेंगे। ग्रामीणों ने कहा कि गांव में नियमित जलापूर्ति बहाल नहीं होने तक वाटर वर्क्स पर लगाया गया ताला नहीं खोलेंगे।

#### मामले की जांच होगी

इस संदर्भ में जब एसडीओ आशीष कुंडू से बात की गई तो उन्होंने कहा कि वह ऑफिस कार्य से चंडीगढ़ आए हुए हैं, कल वापस आने के बाद ग्रामीणों की समस्या का समाधान और मामले की छानबीन करेंगे।

---

# स्वास्थ्य जांच के लिए शहर थाना में लगाया गया स्वास्थ्य जांच शिविर

- 450 पुलिस कर्मचारियों और 95 स्थानीय निवासियों के स्वास्थ्य की जांच की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

पुलिस कर्मियों तथा उनके परिजनों व आसपास के नागरिकों के स्वास्थ्य जांच के लिए गुरुवार को शहर थाना में स्वास्थ्य जांच कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में 495 पुलिस कर्मचारियों व उनके परिजनों ने भाग लिया जबकि 95 स्थानीय नागरिकों ने भी जांच कैंप में अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने उपस्थित पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्वस्थ रहने का संदेश देते हुए स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि हमारा यह जीवन अनमोल है इसे अच्छी तरह से जीना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों व कर्मचारियों को स्वास्थ्य संबन्धी निर्देश देते हुए कहा कि ड्यूटी के साथ-साथ हमें अपने स्वास्थ्य का भी ख्याल रखना चाहिए। सुबह श्याम जब भी समय मिले तब योग या कोई भी खेल को अपनी जिन्दगी से जोड़ लेना चाहिए।



**हांसी।** स्वास्थ्य जांच शिविर में अपना बीपी चैक करवाते शहर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सदानंद वत्स। *फोटो : हरिभूमि*

---

# दलित युवक की हत्या मामले में सरकार ने मानी मांगें

- शिष्टमंडल ने चंडीगढ़ में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मुलाकात की
- अंतिम संस्कार में कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी शामिल होंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

शहर के 12 क्वार्टर क्षेत्र में 7 जुलाई की रात को डीजे बंद करवाने के विवाद में दलित युवक गणेश की मौत मामले सरकार सहमति हो गई है। इसके चलते सरकार ने पीड़ित परिवार की पांच मांगें मान ली है।

बताया जा रहा है कि कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी एवं बवानीखेड़ा विधायक कपूर सिंह वाल्मीकि की मध्यस्थता से मृतक गणेश के पिता समेत कमेटी के शिष्टमंडल ने चंडीगढ़ में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मुलाकात की। बताया जा रहा है कि गुरुवार को हुई मुलाकात में मृतक गणेश के पिता विक्रम व कमेटी के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को पूरी घटना से अवगत करवाया। मुख्यमंत्री से बातचीत में कमेटी की पांच मांगे मानी गई हैं। बताया जा रहा है कि मुख्यमंत्री के साथ हुई बातचीत के बाद परिवार संतुष्ट हो गया है और शुक्रवार सुबह 10 बजे मृतक गणेश का अंतिम संस्कार किया जाएगा। गणेश के पिता विक्रम और चाचा ने दिनेश ने भी कहा कि मुख्यमंत्री से मांग के बाद सहमति बन गई है।

अंतिम संस्कार में मंत्री कृष्ण बेदी शमिल होंगे। मंत्री कृष्ण बेदी ने इस अवसर पर कहा कि कांग्रेस इस मामले में राजनीति कर रही है जबकि उनकी सरकार में मिर्चपुर और गोहाना कांड हुए थे, वह उन्हें याद नहीं है। मामले के अनुसार सात जुलाई की रात को शहर के 12 क्वार्टर रोड पर जन्मदिन पार्टी के दौरान डीजे बंद कराने के विवाद में हुई युवक की मौत मामले में परिजन व दलित समुदाय के लोग लगातार धरने पर बैठे थे। परिजन जहां पुलिस कर्मचारियों पर युवक की हत्या का आरोप लगाते हुए उन पर कार्रवाई की मांग पर अड़े थे वहीं पुलिस ने दो तीन सीसीटीवी फुटेज जारी करके स्पष्ट किया है कि डीजे बंद करवाने गई पुलिस पर हमला किया गया था।



**हिसार।** मंत्री कृष्ण बेदी से मुलाकात करते कमेटी सदस्य। *फोटो : हरिभूमि*

#### सांसद चरनजीत सिंह चन्नी धरनास्थल पर पहुंचे

दूसरी ओर, पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री व सांसद चरनजीत सिंह चन्नी भी गुरुवार को अस्पताल में धरनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पीड़ित परिवार के साथ है। चन्नी ने आरोप लगाया कि पुलिस ने निर्दयता से किशोर की हत्या की है। सरकार हत्या करने वाले पुलिस कर्मचारियों को बचा रही है। उल्टा परिवार पर ही मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने मांग की कि सरकार पुलिस पर मामला दर्ज करे। हरियाणा सरकार इस मामले की जांच सीबीआई से कराए।

---

## होटल मैनेजर की हत्या के मामले में पुलिस के हाथ खाली

- सीसीटीवी व अन्य आधार पर जांच कर रही पुलिस, पुलिस ने मृतक की पत्नी की शिकायत पर दर्ज किया था केस

**हिसार।** शहर के कैंप चौक के पास स्थित एक होटल मैनेजर पारस उर्फ दीक्षित की हत्या मामले में अभी तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है। पुलिस ने इस संबंध में मृतक पारस की पत्नी संजना की शिकायत पर दो युवकों पर केस दर्ज किया था। होटल मैनेजर पारस की हत्या मामले में पुलिस होटल के अंदर व आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों सहित अन्य माध्यमों से जांच कर रही है। पुलिस जांच कर रही है कि आखिर हत्या की वजह क्या रही लेकिन आशंका जताई जा रही है कि कुछ दिन पहले मृतक पारस का कुछ युवकों के साथ हुए झगड़ा ही इस हत्या की वजह हो सकता है। पुलिस अपनी जांच के चलते होटल के आसपास के कैमरे खंगाल रही है। कैंप चौक के पास होटल वोटक्स के मैनेजर देव वाटिका निवासी पारस उर्फ दीक्षित की मंगलवार देर रात कुछ युवकों ने पीटकर व धारदार हथियार से हत्या कर दी। दो युवकों ने होटल में आकर उसके साथ मारपीट की। वह बचने के लिए हमलावरों को धक्का देकर दूसरे होटल की तरफ भागा लेकिन वहां खून की उल्टी आने के बाद वह गिर गया। होटल कर्मचारी व अन्य लोग उसे नजदीकी निजी अस्पताल में ले गए वहां डॉक्टरों ने गंभीर हालत में उसे रेफर कर दिया। डॉक्टरों ने चेकअप के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मारपीट का एक वीडियो भी सामने आया है जिसमें दो युवक डंडे से हमला करते हुए नजर आ रहे हैं। अर्बन एस्टेट थाना प्रभारी विजयपाल का कहना है कि मृतक की पत्नी संजना की शिकायत के आधार पर दो युवकों पर हत्या का केस दर्ज कर लिया गया है।

---

# अवैध शराब मामले में महिला को भेजा जेल

- गांव राजथल में घर में अवैध शराब बना रही थी महिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौंद

पुलिस ने अवैध शराब मामलें में आरोपित महिला राजपति निवासी राजथल को गिरफ्तार किया गया है।

आरोपी महिला को अदालत में पेश किया गया, जहां उसे जेल भेज दिया गया। थाना नारनौंद में तैनात सब इंस्पेक्टर जयसिंह ने बताया कि 11 जुलाई को थाना नारनौद पुलिस के गुप्त सूचना मिली थी कि गांव राजथल में एक महिला अपने घर में अवैध शराब तैयार कर रही है। अगर तुरंत प्रभाव से वहां दबिश दी जाए तो वो काबू आ सकती है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए टीम का गठन कर बताए गए ठिकाने पर पहुंचे तो एक महिला पुलिस टीम को आता देख मौके से फरार हो गई थी। मौके से चलती भठ्ठी व भठ्ठी में प्रयोग होने वाला सामान को कब्जा पुलिस में लेकर आरोपित महिला के खिलाफ थाना में मामला दर्ज किया गया था। थाना नारनौंद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपित महिला को गिरफ्तार कर लिया गया है।

---

### स्टॉर्म वाटर ड्रेनेज और सड़क परियोजनाओं का शुभारंभ

# मील का पत्थर साबित होंगी परियोजनाएं : जिंदल

- क्षेत्र में स्वच्छता व पर्यावरण होगा बेहतर : विधायक सावित्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

विधायक सावित्री जिंदल ने अर्बन एस्टेट में नारियल फोड़कर स्टॉर्म वाटर ड्रेनेज सिस्टम परियोजना का उद्घाटन किया।

इसी के साथ अर्बन एस्टेट स्थित शहीद भगत सिंह पार्क और एमसी कॉलोनी स्थित शिव पार्क के जीर्णोद्धार के साथ-साथ तारा नगर, साउथ सिटी, शाम विहार में सड़क निर्माण कार्य का भी शिलान्यास किया गया। ये परियोजनाएं क्षेत्र में बरसात के मौसम में जलभराव से राहत और स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में एक अहम कदम हैं। इस मौके पर विधायक सावित्री जिंदल ने इस अवसर पर कहा कि ये परियोजनाएं क्षेत्र के विकास की दिशा में एक निर्णायक कदम साबित होंगी। उन्होंने जोर देकर कहा कि बरसात में जलभराव की समस्या से आमजन को बार-बार जूझना पड़ता था, अब यह बीते दिनों की बात होगी। उन्होंने आगे कहा कि यह परियोजना क्षेत्र की स्वच्छता और पर्यावरण को बेहतर बनाने में मील का पत्थर साबित होगी, जिससे वर्षा जल निकासी सुचारू होगी और नागरिकों को स्वच्छ तथा स्वस्थ वातावरण मिलेगा।

विधायक जिंदल ने कहा कि यह परियोजना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत अभियान और अमृत मिशन के लक्ष्यों को प्राप्त करने में भी महत्वपूर्ण योगदान देगी।



**हिसार।** परियोजनाओं का शुभारंभ करते विधायक सावित्री जिंदल, साथ है मेयर प्रवीण पोपली व अन्य। *फोटो : हरिभूमि*

#### 21.50 करोड़ के विकास कार्यों का शुभारम्भ

इस अवसर पर मेयर प्रवीण पोपली ने बताया कि नगर निगम के 21 करोड़ 50 लाख रूपये के चार कार्यों का शुभारम्भ किया गया। इनमें अर्बन एस्टेट-2 में 9 करोड़ 48 लाख रूपये की लागत से बनने वाली स्ट्रॉम वॉटर ड्रेन, अर्बन एस्टेट-2 में शहीद भगत सिंह पार्क का नवीनीकरण, एमसी कॉलोनी में शिव पार्क के नवीनीकरण के कार्य, तारा नगर जय श्री श्याम विहार कॉलोनी में आईपीबी की सड़कें बनाने के कार्य शामिल है।

#### यह रहे उपस्थित

इस अवसर पर मेयर प्रवीण पोपली, जगदीश जिन्दल, कार्यकारी अभियंता अमित कौशिक, पार्षद जगमोहन मितल, संजय डालमिया, सुमन यादव, पूर्व पार्षद टीनू जैन, प्रवीन जैन, डॉ. शमीम शर्मा, स्नेहलता निंबल, पवन सैनी, कपिल सैनी, कृष्ण सैनी, निगम के एक्सइएन अमित कौशिक, जेई अंकुर, संदीप काजल सहित शहर के गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

---

# बाइक समेत माइनर में गिरने से युवक की मौत

- मोटरसाइकिल का संतुलन बिगड़ जाने से हुआ हादसा, रातभर माइनर में ही अटका रहा शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौंद

गुलकनी-राखीगढ़ी सड़क मार्ग पर बुधवार की रात गांव राजथल के पास मोटरसाइकिल सवार का युवक संतुलन बिगड़ गया और वह मिलकपुर माइनर में बाइक समेत गिर गया। इससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने उसके शव को कब्जे में लेकर हांसी के सामान्य अस्पताल में पोस्टमार्टम करवाया और परिजनों को सौंप दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार खेड़ी रोज निवासी 26 वर्षीय हितेश अविवाहित था। बुधवार की रात को जींद से अपने घर वापस जा रहा था कि गुलकनी से राखीगढ़ी सड़क मार्ग पर गांव राजथल में स्थित मिलकपुर माइनर के पास उसके मोटरसाइकिल का संतुलन बिगड़ गया और वह मोटरसाइकिल सहित माइनर में जा गिरा जिसके कारण उसकी मौत हो गई। पूरी रात उसका शव माइनर में ही अटका रहा। गुरुवार की सुबह जब राजथल गांव के कुछ ग्रामीण सुबह घूमने गए तो देखा कि एक युवक मोटरसाइकिल सहित माइनर में मृत अवस्था में पड़ा हुआ है। ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस ने तुरंत मौके पर पहुंचकर माइनर से शव और मोटरसाइकिल को बाहर निकाला और शव की पहचान खेड़ी रोज निवासी हितेश के रूप में की। वह अपने माता-पिता का एकलौता पुत्र था। पुलिस ने मृतक के पिता सुरेश के बयान पर इत्फाकिया कार्रवाई करके शव का पोस्टमार्टम करवाया और परिजनों को सौंप दिया।

## खबर संक्षेप



आदमपुर। मेहंदी प्रतियोगिता में अपने कला का प्रदर्शन करती लड़कियां।

### मेहंदी प्रतियोगिता में पुनीता रही प्रथम

**आदमपुर।** मानव कल्याण सेवा ट्रस्ट द्वारा संत नामदेव मंदिर में तीज उत्सव के उपलक्षय में मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें 26 लड़कियों व महिलाओं ने भाग लिया। संस्था के प्रधान विनोद वर्मा ने बताया कि मेहंदी प्रतियोगिता में पुनीता ने प्रथम, अंशिता ने दूसरा तथा रीतिका व परी ने सुयंक्त रूप से तीसरा स्थान प्राप्त किया। चित्रकला प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग में रेखा व पुनीता ने प्रथम, अशिता व शकुतला ने दूसरा तथा अनुराधा व पूनम ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका शिक्षाविद गिरदावरी शर्मा, सुभाष तथा प्रियंका शर्मा ने निभाई। प्रधान वर्मा ने बताया कि विजेताओं को रविवार को पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। इस मौके पर सुभाष मित्तल, कृष्ण गोयल, हीरालाल, मक्खन बिश्नोई, गुलशन इलाहाबादी, रोशन भादू समिति कई प्रतिभागी उपस्थित रही।



### शांति निकेतन के शुभम ने बॉक्सिंग में जीता गोल्ड

**आदमपुर।** शांति निकेतन पब्लिक स्कूल के होनहार छात्र शुभम ने यूथ बॉक्सिंग एसोसिएशन ऑफ हिसार द्वारा आयोजित जिलास्तरीय बॉक्सिंग चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए सब जूनियर वर्ग 61-64 किलोग्राम भार वर्ग में गोल्ड मेडल प्राप्त किया। यह प्रतियोगिता 14 जुलाई से 15 जुलाई 2025 तक एमएस स्पोर्ट्स ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट में आयोजित की गई थी। विद्यालय के डायरेक्टर अनिरुद्ध बिश्नोई ने शुभम को बधाई देते हुए कहा कि हमारे विद्यार्थियों में अपार प्रतिभा है, जरूरत है उन्हें सही मार्गदर्शन और मंच देने की।

### हरिद्वार के लिए खाद्य सामग्री का ट्रक रवाना

**हिसार।** श्रीश्याम कुटीर संघ हिसार द्वारा हरिद्वार में महाराजा अग्रसेन सेवा सदन, भूपतवाला में 18 से 20 जुलाई तक लगाये जाने वाले दसवें विशाल भंडारे के लिए अग्रसेन भवन के प्रांगण से खाद्य सामग्री से भरा ट्रक भिजवाया गया। ट्रस्ट के प्रधान अंजनी खारियावाला, अभय मित्तल, सर्व श्याम मंडल प्रधान दीपक गर्ग, संरक्षक एन.के. गोयल, कमल पुरोहित, संघ प्रधान अभिमन्यु बंसल, दुनीचंद गोयल, प्रवीन गर्ग झंडू, सज्जन गुप्ता ने ट्रक को झंडी दिखाकर रवाना किया। संघ के संरक्षक एन.के.गोयल ने बताया कि भंडारे में सेवा करने के लिये भी दर्जनों सेवादार हरिद्वार के लिए रवाना हुए।

## विवि प्रशासन पर्याप्त सुविधाएं उपलब्ध करने के लिए प्रतिबद्ध : कुलपति

# गुजवि के नए परिसर में छह नए वार्डन निवासों का उद्घाटन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने कहा है कि विश्वविद्यालय प्रशासन विद्यार्थियों के साथ-साथ शिक्षकों, अधिकारियों व कर्मचारियों को भी पर्याप्त आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्ध है।

विश्वविद्यालय प्रशासन कर्मचारियों को लगातार रिहायशी सुविधाएं भी उपलब्ध करवा रहा है। कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई गुरुवार को विश्वविद्यालय के नए परिसर में छह नए वार्डन निवासों के उद्घाटन के अवसर पर अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। कुलसचिव डा. विजय कुमार भी इस अवसर पर उपस्थित रहे। नए कैम्पस परिसर में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधरोपण अभियान भी चलाया गया। कुलपति प्रो. बिश्नोई ने पौधा रोपित कर नए कैंपस परिसर में इस अभियान की शुरूआत की।

### 163.29 लाख की लागत

कुलसचिव डॉ. विजय कुमार ने बताया कि छह नए वार्डन निवास 163.29 लाख रुपये की लागत से बने हैं। तीन मंजिला बने प्रत्येक मकान का क्षेत्रफल 130 वर्ग मीटर है। इन मकानों में एक ड्राइंग रूम के अतिरिक्त तीन बेडरूम, एक लॉबी-कम-डाइनिंग रूम के अतिरिक्त किचन, स्टोर, बालकॉनी आदि की सभी सुविधाएं दी गई हैं।

### यह रहे उपस्थित

इस अवसर पर प्रो. एचसी गर्ग, प्रो. नीरज दिलबागी, प्रो. संदीप राणा, प्रो. ओमप्रकाश सांगवान, प्रो. सुजाता सांघी, प्रो. योगेश चाबा, प्रो. मनोज दयाल, प्रो. संजीव कुमार, प्रो. कर्मपाल नरवाल, प्रो. विनोद कुमार बिश्नोई, प्रो. सुमित्रा सिंह, प्रो. अनिल भानखड़, प्रो. दलबीर सिंह, आदि उपस्थित रहे।





हिसार। नवनिर्मित मकानों का उद्घाटन करते कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई व एमओयू का आदान-प्रदान करते कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई तथा संस्थापक अध्यक्ष डॉ. प्रदीप अंबेडकर। फोटो :हरिभूमि

## गुजवि व एचजीएएफसीटी फाउंडेशन के बीच एक सहयोगात्मक साझेदारी स्थापित करेगा एमओयू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

- औषधीय पौधों के संरक्षण, शिक्षा एवं अनुसंधान के लिए हर्बल गार्डन करेंगे विकसित

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय एवं हर घर औषधि फाउंडेशन चैरिटेबल ट्रस्ट, हिसार (एचजीएएफसीटी) के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए हैं।

गुजविप्रौवि की ओर से कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई तथा एचजीएएफसीटी की ओर से संस्थापक अध्यक्ष डॉ. प्रदीप अंबेडकर ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए। गुजविप्रौवि की ओर से कुलसचिव डॉ. विजय कुमार व डीन इंटरनेशनल अफेयर्स प्रो. नमिता सिंह तथा एचजीएएफसीटी की ओर से सीए रवित, व कोषाध्यक्ष कविता ने गवाह के रूप में हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर गुजविप्रौवि की प्रो. सुमित्रा सिंह और प्रो. अर्चना कपूर भी उपस्थित रही। कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने कहा कि यह एमओयू विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों, शोधार्थियों व शिक्षकों के लिए लाभकारी होगा।

यह एमओयू राष्ट्रीय औषधीय पादप बोर्ड (एनएमपीबी) के दिशा निर्देशों के अनुपालन में, गुजविप्रौवि में औषधीय पौधों के हर्बल गार्डन के विकास के लिए गुजविप्रौवि व एचजीएएफसीटी फाउंडेशन के बीच एक सहयोगात्मक साझेदारी स्थापित करेगा।

## जेएसएल ने कोरोजन के खिलाफ जंग की अपनी प्रतिबद्धता दिखाई

- कोरोजन भारत के औद्योगिक विकास के लिए एक बड़ी चुनौती बना : अभ्युदय जिंदल



- हर साल ज़ंग से अर्थव्यवस्था के 4 प्रतिशत जीडीपी का नुकसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

जिंदल स्टेनलेस लिमिटेड (जेएसएल) ने इंटरनेशनल समिट ऑन कोरोज़न टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट (कोर्टेम) 2025 के दूसरे संस्करण की सफलता में अहम भूमिका निभाई।

कनफेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री (सीआईआई) की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में उद्योग विशेषज्ञों, विश्लेषकों और नीति निर्माताओं ने भारत के बुनियादी ढांचे और औद्योगिक विकास के लिए महत्वपूर्ण क्षेत्रों में कोरोज़न से उत्पन्न गंभीर चुनौती से निपटने पर चर्चा की। सीआईआई के कोरोज़न मैनेजमेंट डिविजन (सीएमडी) के सह-अध्यक्ष के रूप में, जिंदल स्टेनलेस के प्रबंध निदेशक अभ्युदय जिंदल ने कहा कि कोरोजन भारत के औद्योगिक विकास के लिए एक बड़ी चुनौती बना हुआ है, जिसके परिणामस्वरूप काफी आर्थिक नुकसान होता है और सार्वजनिक सुरक्षा प्रभावित होती है। अध्ययनों में अनुमान लगाया गया है कि हर साल ज़ंग से अर्थव्यवस्था के 4 प्रतिशत जीडीपी का नुकसान होता है। भारत को इससे हर साल लगभग 13.2 लाख करोड़ रुपये का नुकसान उठाना पड़ता है। जिंदल स्टेनलेस में, हम राष्ट्र को कोरोजन से मुक्ति दिलाने में मदद करने के लिए नवाचार को बढ़ावा देने, जागरूकता बढ़ाने और ज़ंग रोधी स्थायी तौर-तरीकों को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमारा ध्यान विभिन्न अनुप्रयोगों के लिए संक्षारण प्रतिरोधी स्टेनलेस स्टील प्रदान करने पर है।

### प्राइवेट स्कूल संघ ने प्रदेश के शिक्षकों का जताया आभार

**हिसार।** प्राइवेट स्कूल संघ ने प्रिंसिपल जगबीर पानू की आत्मा की शांति, शहीद का दर्जा तथा परिवार को न्याय दिलाने के लिए प्रदेश भर के निजी स्कूल बंद करके सहयोग देने पर सभी संगठनों व स्कूल संचालकों का आभार जताया है। साथ ही शिक्षकों के सम्मान को बनाए रखने के लिए सेफ्टी कानून बनाने की भी मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से गुहार की। संघ के प्रदेश अध्यक्ष सत्यवान कुंडू ने बताया कि बास के करतार मेमोरियल स्कूल के प्रिंसिपल स्वर्गीय जगबीर पानू की स्कूल परिसर में ही कुछ छात्रों ने गुरु पूर्णिमा के दिन चाकू मारकर हत्या कर दी थी जिसके विरोध में 16 जुलाई को प्रदेश के निजी स्कूलों को बंद रखा और शिक्षको की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की ताकि ऐसी घटनाओ की पुनरावृति न हो सके। गुरु का न डर है और न ही सम्मान, ऐसे में शिक्षा व संस्कार पाना असंभव है। कुछ अभिभावक तो यह तक कह देते हैं कि हमारा बच्चा न भी पढ़े तो कोई बात नहीं लेकिन अध्यापक मेरे बच्चे को हाथ न लगाए। यदि ग़लती करने पर शिक्षक बच्चे को सुधारने की कोशिश करें तो वह अपराध बन जाता है इसलिए अब शिक्षको के अधिकार नहीं बचे हैं।

## जन कल्याण एसोसिएशन ने डीसी को सौंपा ज्ञापन

**हिसार।** जन कल्याण एसोसिएशन सेक्टर 16–17 के पदाधिकारियों महासचिव एडवोकेट अनिल कुमार जालंधरा, महावीर सिंह पूनिया, महावीर प्रसाद, सत्यवीर सिंह जांगड़ा आदि ने सेक्टर की जनसमस्याओं को लेकर डीसी अनीश कुमार यादव से खुला दरबार में लिखित प्रार्थना पत्र सौंपा। महासचिव अनिल ने कहा कि गत एक वर्ष से लगातार मांगों के बावजूद केवल आश्वासन ही मिल रहे हैं जबकि सेक्टर के नागरिक अनेक मूलभूत सुविधाओं के अभाव से जूझ रहे हैं। इस पर डीसी ने आश्वस्त किया कि ज्ञापन में दिए कार्यों को प्राथमिकता पर करवाने पर विचार किया जाएगा। इसमें सीनियर सिटीजन क्लब की स्थापना, बिजली का पावर हाउस एवं बूस्टिंग स्टेशन का निर्माण, सीवरेज की मरम्मत और नियमित सफाई व्यवस्था, सेक्टर की समुचित सफाई एवं खाली प्लॉटों की सफाई, बेसहारा पशुओं, कुत्तों और बंदरों की पकड़ के लिए अभियान, आदि कार्य प्रमुख हैं।

## डीसी यादव ने समाधान शिविर में सुनीं जनसमस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

जिला प्रशासन द्वारा गुरुवार को आयोजित समाधान शिविर में उपायुक्त अनीश यादव ने जनसमस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए कई मामलों का मौके पर ही समाधान किया।

शिविर में अधिकतर समस्याएं सम्मान भत्ता पेंशन, परिवार पहचान पत्र, प्रॉपर्टी आईडी, राजस्व, पुलिस से जुड़े मामले, भूमि विवाद, प्रमाण पत्र इत्यादि से संबंधित थी, इनमें कई मामलों का मौके पर ही समाधान किया गया। समाधान शिविर में गांव सरसौद निवासी दिलबाग की उनके खेवट से खाता संख्या अलग करवाने की शिकायत पर उपायुक्त ने बरवाला के तहसीलदार को मामले की जांच कर समाधान करने के निर्देश दिए।



हिसार। समाधान शिविर में जनसमस्याएं सुनते उपायुक्त अनीश यादव।

मुलतानी चौक निवासियों की एक व्यक्ति द्वारा सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा कर मकान बनाने की शिकायत पर उपायुक्त ने नगर निगम के अधिकारियों को मामले की जांच कर उक्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए। समाधान शिविर के अवसर पर हिसार एसडीएम ज्योति मित्तल, नगराधीश हरिराम, जिला परिषद सीईओ हरबीर सिंह, नगर निगम के एएमसी प्रदीप कुमार, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी नरेंद्र सिंह सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## हांसी पुलिस ने अपराधियों के खिलाफ चलाया ऑपरेशन आक्रमण : एसपी

- ऑपरेशन आक्रमण के तहत विभिन्न अपराधों में संलिप्त 13 आरोपियों को दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

पुलिस जिला हांसी ने गुरुवार सुबह 5 से 9 तक तक ऑपरेशन आक्रमण चलाया गया। इस दौरान पुलिस ने विभिन्न अपराधिक मामलों में संलिप्त रहे 13 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

ऑपरेशन आक्रमण के तहत चलाए गए विशेष अभियान मे जिला पुलिस कप्तान के निर्देश पर सभी अपराध जांच शाखा एवं थाना व चौकी स्तर पर पुलिस कर्मचारियों ने अपराधियों पर कड़ा प्रहार करते हुए अलग-अलग मामलों में संलिप्त 13 आरोपियों को काबू किया। इस दौरान शहर थाना पुलिस ने पीओ मामले में आरोपी जगदीश कालोनी निवासी प्रवीन, चोरी मामले में बाल्मीकि बस्ती निवासी दीपक, पुठ्ठी समैण निवासी प्रदीप व लड़ाई-झगड़े मामले में हनुमान कालोनी निवासी सुरेश को गिरफ्तार किया है। वहीं बास थाना पुलिस ने खाद्य अधिनियम में वांछित आरोपी बास बादशाह पुर निवासी विकास, लड़ाई-झगड़े मामले में सोरखी निवासी वकील, मीना, अजय व सचिन को गिरफ्तार किया गया। थाना नारनौंद पुलिस ने लापरवाही से वाहन चलाने व अवैध शराब मामले में वांछित आरोपी राखी खास निवासी अनिल, संदीप व पीओ मामले में कोथ कलां निवासी सलमान को गिरफ्तार किया गया है। वहीं स्पेशल स्टाफ पुलिस ने अवैध शराब मामले में वांछित आरोपी रामपुरा गांव निवासी मोहित को गिरफ्तार किया। ऑपरेशन आक्रमण के दौरान हांसी पुलिस द्वारा की गई इस कार्रवाई पर पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन ने अपराधियों को चेतावनी देते हुए कहा कि जिला हांसी में अपराधियों के लिए कोई स्थान नहीं है। अपराधी या तो जिला छोड़ें या अपराध। हांसी जिला पुलिस क्षेत्र में अपराधियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।



हांसी। अमित यशवर्धन, एसपी।

- हांसी क्षेत्र में अपराधियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा : यशवर्धन

## एसडीएम ने स्थाई जल निकासी करने के दिए निर्देश

- जनता की दिक्कतों को निजी समस्याएं समझ समाधान करने का करें प्रयास : खोथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

संयुक्त कार्यालय परिसर में आयोजित समाधान शिविर में जनसमस्याएं सुनते हुए एसडीएम राजेश खोथ ने अधिकारियों से कहा कि वह लोगों की दिक्कतों को निजी समस्या समझकर उसके समाधान करने का प्रयास करे।

इस भावना से काम करने पर लोगों को लंबे समय तक समस्या के समाधान से निजात मिलेगी। सभी पांच समस्याओं को एसडीएम ने गंभीरता से सुना और इन पर संज्ञान लेते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को शीघ्र समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने ढाणी पीरवाली, ढाणी पिरान तथा ढाणी कुम्हारान को जोड़ने वाली सड़क के कुछ हिस्से पर जल भराव की शिकायत का समाधान करने के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों से कहा कि वह समाधान शिविर के उपरांत मौका मुआयना कर जल निकासी के लएि स्थाई समाधान करवाना सुनिश्चित करें। शिविर में मुल्तान कॉलोनी निवासी अतुल ने इंदिरा पार्क के सामने टूटी गली को ठीक करवाने के लिए आवेदन प्रस्तुत किया, इस पर एसडीएम ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह शहर में अन्य जगहों पर टूटी गलियों को भी तेजी से दुरुस्त करवाएं।



हांसी। समाधान शिविर में जन समस्याएं सुन उनका निदान करते एसडीएम राजेश खोथ।



हांसी। पाठशाला परिसर में पौधरोपण करते पार्षद दुलीचंद व इको क्लब के सदस्य।

### राजकीय प्राथमिक पाठशाला बास में किया पौधरोपण

**हांसी।** राजकीय प्राथमिक पाठशाला बास ब्लॉक में सरकार द्वारा चलाए जा रहे पौधरोपण अभियान के तहत विद्यालय की इको क्लब द्वारा पौधरोपण किया गया। कार्यक्रम के के दौरान नगर पार्षद दुली चन्द ने एक नीम व हार श्रृंगार के पौधे का रोपण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सिर्फ पौधे लगाने से ही यह मिशन पूरा नही होगा इन पौधों की देखभाल इनके पेड़ बनने तक करनी होगी। इस अवसर पर इको क्लब के सदस्य लोकेश, अंतिम, रिया, निधि, रूद्रिका, शिखा, कनिका, नवदीप, मेहुल व परी के अलावा स्कूल प्रभारी रामअवतार, सपना रानी, इंदु, सीमा रानी मौजूद रहे।

## कम जोत के किसानों के लिए अतिरिक्त आय का साधन हो सकती है कृषि वानिकी

# खेत की मेड़ पर, सड़क किनारे, पानी के खालों के साथ व खाली जमीन पर पौधे अवश्य लगाएं किसान : गर्ग

### हकृवि के वानिकी विभाग में तकनीकी कार्यक्रम की समीक्षा बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय के वानिकी विभाग की ओर से संचालित तकनीकी कार्यक्रम की गत वर्ष 2024-25 की समीक्षा एवं वर्ष 2025-26 की रूपरेखा तैयार करने के लिए एक बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अनुसंधान निदेशक डॉ. राजबीर गर्ग ने की।

- कीटनाशक छिड़काव के लिए ड्रोन प्रौद्योगिकी का उपयोग करने का सुझाव दिया

कार्यक्रम में मानव संसाधन प्रबंधन निदेशक डॉ. रमेश कुमार, वानिकी विभाग के अध्यक्ष डॉ. संदीप आर्य सहित विभाग के अधिकारी, विश्वविद्यालय के सभी विभागाध्यक्ष एवं वानिकी विभाग के वैज्ञानिक उपस्थित रहे। अनुसंधान निदेशक डॉ. राजबीर गर्ग ने अपने संबोधन में कहा कि कम जोत के किसान कृषि वानिकी को अपनाकर न केवल अतिरिक्त आय कमा सकते हैं, अपितु पर्यावरण संरक्षण में भी सहयोग कर सकते है। उन्होंने किसानों से आह्वान किया कि वे खेत की मेड़ पर, सडक़ किनारे, पानी के खालों के साथ व खाली पड़ी जमीन पर पेड़ अवश्य लगाएं। डॉ. गर्ग ने पारिस्थितिकी तंत्र सेवाओं को बढ़ाने के लिए विविध वानिकी प्रजातियों के साथ एक एकड़ का वानिकी सहित अन्य पौधों को लगाने का मॉडल विकसित करने पर जोर दिया। डॉ. गर्ग ने पॉपलर में कीटनाशक छिडक़ाव के लिए ड्रोन प्रौद्योगिकी का उपयोग करने और कैसुरीना आधारित ईंधन लकड़ी मॉडल बनाने का सुझाव दिया। उन्होंने खेजड़ी, सहजन और मिलिया डूयूबिया जैसी प्रजातियों के लिए उच्च गुणवत्ता वाले पौध विकसित करने के महत्व पर भी बल दिया। उन्होंने सहजन पर अनुसंधान करने पर जोर दिया।



हिसार। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

### अनुसंधान कार्यों की रिपोर्ट पेश

*बैठक के दौरान वर्ष 2024-2025 में किए गए अनुसंधान कार्यों की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम के समापन अवसर पर वानिकी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. संदीप आर्य ने विभाग की गत वर्ष 2024-2025 की रिपोर्ट प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि विभाग ने राष्ट्रीय स्तर पर अनेक अवार्ड प्राप्त किए हैं तथा कृषि वानिकी को बढ़ावा देने के लिए विभाग अहम भूमिका निभा रहा है।*

## खबर संक्षेप

### 50 लीटर लाहन सहित एक आरोपी गिरफ्तार

**नारनौंद।** पुलिस ने अवैध तरीके से देशी शराब तैयार करने का 50 लीटर लाहन सहित लोहारी राघो निवासी जगदीश को गिरफ्तार किया गया है। नारनौंद थाना में तैनात एसआई मोहित कुमार ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि गांव लोहारी राघो निवासी जगदीश अपने गांव में पशु बाड़े में बने कमरे में देशी शराब तैयार का लाहन दबाए हुए है। अगर वहां पर चेकिंग की जाए तो बरामद किया जा सकता है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मौके पर जाकर चेकिंग की तो वहां से 50 लीटर लाहन बरामद हुआ।

### अवैध हथियार सप्लायर को किया जांच में शामिल

**हांसी।** जिला भर में अवैध हथियार सप्लाई करने वालों पर लगाम लगाते हुए सीआईए स्टाफ हांसी पुलिस ने अवैध हथियार व कारतूस सप्लायर ढाणी चद्दरपुल निवासी कृष्ण को जांच शामिल जांच किया गया है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार जांच में शामिल किए गए आरोपी ने गत दिनों हनुमान कालोनी निवासी राकेश को एक अवैध देसी पिस्तोल व 2 कारतूस सप्लाई किए थे। सीआईए स्टाफ हांसी पुलिस ने कोर्ट के आदेशानुसार आरोपी को जांच में शामिल कर रिहा कर दिया।

### ट्रस्ट 7 अगस्त से नि:शुल्क कौशल प्रशिक्षण देगा

**हिसार।** युवाओं के मार्गदर्शन व स्वावलंबन के प्रति समर्पित इंदिरा देवी चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा प्रसिद्ध उद्योगपति व पूर्व मंत्री स्व. ओमप्रकाश जिंदल की जयंती पर हर वर्ष की भांति 7 अगस्त से निशुल्क कौशल प्रशिक्षण शुरू किया जाएगा। इस कौशल प्रशिक्षण के लिए बस स्टेंड के पास स्थित इंदिरा देवी चैरिटेबल ट्रस्ट के कार्यालय में किसी भी कार्यदिवस में निशुल्क पंजीकरण करवाया जा सकता है। पंजीकरण के उपरांत चयनित प्रतिभागियों की फ्री ट्रेनिंग शुरू हो जाएगी। इंदिरा देवी चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष रजत गुप्ता ने बताया कि स्टील किंग के नाम से मशहूर स्व. ओपी जिंदल के आदर्शों पर चलते हुए ट्रस्ट युवाओं को आत्मनिर्भर व स्वावलंबी बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

### एनआईआरसी हिसार ब्रांच का वर्ल्ड यूथ स्किल्स डे कल : बंसल

**हिसार।** चार्टर्ड अकाउंटेंट की संस्था एनआईआरसी हिसार ब्रांच की ओर से 19 जुलाई को वर्ल्ड यूथ स्किल्स डे धूमधाम से मनाया जाएगा। इस अवसर पर सीए मानस चुघ मुख्य वक्ता होंगे और लेखा परीक्षकों के दृष्टिकोण से आयात व निर्यात विनियमन विषय पर विशेष चर्चा की जाएगी।



हिसार ब्रांच चेयरमैन सीए अमन बंसल

एनआईआरसी हिसार ब्रांच के चेयरमैन सीए अमन बंसल ने बताया कि वर्ल्ड यूथ स्किल्स डे का काफी महत्व है। उन्होंने कहा कि इस दिन का मुख्य उद्देश्य युवाओं को रोजगार, उद्यमिता और व्यक्तिगत विकास के लिए आवश्यक कौशल प्रदान करने के महत्व को उजागर करना है। उन्होंने बताया कि 19 जुलाई को सायं 4 बजे से रात्रि 7 बजे तक सेक्टर 16-17 इंडस्ट्रियल एरिया में स्थित आईसीएआई भवन में वर्ल्ड यूथ स्किल्स डे का आयोजन किया जाएगा।

### आदमपुर में कावड़ियों के लिए भंडारा 20 से

**आदमपुर।** शिव कावड़ सेवा समिति द्वारा व्यापार मंडल धर्मशाला में कावड़ियों के लिए 20 जुलाई से 23 जुलाई तक भंडारा लगाया जाएगा। समिति के प्रीतम पवार ने बताया कि इस दौरान कावड़ियों के ठहरने रहने की व्यवस्था भी की गई है तथा कावड़ियों को कोई परेशानी नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने बताया कि पिछले 15 सालों से कावड़ियों के लिए उनकी संस्था भंडारे का आयोजन कर रही है। हर बार आसपास के गांवों के सीसवाल,चूली, सदलपुर व गोली, बिराण शिव मंदिर में कावड चढ़ाने वाले कावड़िए यहां ठहरते हैं। उन्होंने कहा कि कांवड़ियों के लिए भजन कीर्तन का भी किया जाएगा।

# खाद विक्रेताओं पर सीएम फ्लाइंग की छापेमारी, यूरिया का स्टॉक बरामद

## टीम ने मौके पर ही लाइन लगवाकर किसानों को बांटी खाद, विक्रेताओं में मचा हड़कंप

कई विक्रेता दुकान बंद करके भागे, अवैध स्टॉक मिलने पर एक के खिलाफ केस दर्ज व 4 को नोटिस जारी किया गया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ उकलाना





**उकलाना।** नई अनाज मंडी में खाद विक्रेताओं के दुकानों व गोदामों में जांच करती सीएम फ्लाइंग इंचार्ज सुनैना व कृषि विभाग के अन्य अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

नई अनाज मंडी में गुरुवार को सीएम फ्लाइंग टीम ने खाद विक्रेताओं के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए छापेमारी की। इस दौरान टीम ने भारी मात्रा में डीएपी और यूरिया खाद बरामद की। मौके पर ही किसानों की लाइन लगवाकर खाद का वितरण करवाया गया, जिससे किसानों में खुशी की लहर दौड़ गई। वहीं, रेड की सूचना मिलते ही कई खाद विक्रेता अपनी दुकानें बंद कर मौके से फरार हो गए। वहीं एक फर्म पर अवैध रूप से डीएपी का 760 बैग का स्टॉक मिलने पर केस दर्ज करवाया गया है और 4 दुकानदारों को अवैध रूप से खाद को गोदाम में रखने पर नोटिस जारी किया गया है और अगर शुक्रवार तक रिकॉर्ड पेश नहीं कर पाए तो आगामी कार्रवाई की जाएगी। यह कार्रवाई सीएम फ्लाइंग टीम की इंचार्ज सुनैना के नेतृत्व में की गई। उनके साथ कृषि विभाग के एसडीओ डॉ. अजीत सिंह, एसएमएस डॉ. महिपाल, एडीओ डॉ. सचिन अहलावत, डॉ. बलराज सिंह, एसआई जितेंद्र, एएसई सुरेंद्र सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### ब्लैक मार्केटिंग की शिकायत पर कार्रवाई

सीएम फ्लाइंग इंचार्ज सुनैना ने जानकारी देते हुए बताया कि उन्हें शिकायत मिली थी कि उकलाना क्षेत्र में कुछ खाद विक्रेता किसानों को खाद उपलब्ध नहीं करवा रहे और ब्लैक मार्केटिंग में लिप्त हैं। इस शिकायत के आधार पर कृषि विभाग के अधिकारियों के साथ संयुक्त रूप से लगभग 10 खाद विक्रेताओं की दुकानों और गोदामों पर छापा मारा गया। छापेमारी के दौरान कुछ गोदामों में बिना अनुमति के डीएपी व यूरिया खाद स्टॉक पाया गया। वैध रिकॉर्ड वाले डीएपी व यूरिया खाद को किसानों को मौके पर ही बांटा गया।

### सहकारी समिति पहुंची टीम

सीएम फ्लाइंग टीम की इंचार्ज सुनैना ने बताया कि सहकारी समिति की दुकान पर खाद वितरण में गड़बड़ी की शिकायत भी मिली थी। टीम ने तुरंत वहां पहुंचकर अधिकारियों से बातचीत की और खाद का वितरण सुनिश्चित करवाया। किसानों ने कहा कि यदि इसी तरह से प्रशासनिक अधिकारी समय-समय पर जांच करते रहें, तो खाद की किल्लत और ब्लैक मार्केटिंग से राहत मिलेगी।

### स्टॉक मिलने पर एफआईआर दर्ज

सीएम फ्लाइंग इंचार्ज सुनैना ने बताया कि गुरुवार को उकलाना में 4 अवैध गोदाम पर यूरिया व डीएपी खाद बरामद हुई है। जिसमें एमके एग्रीकल्चर के पास 56 यूरिया, 73 डीएपी। मूलचंद दिनेश कुमार के गोदाम में 200 यूरिया, अभिषेक ट्रेनिंग कंपनी के गोदाम में 10 यूरिया तथा थाकन स्टोर पर 100 बैग खाद बरामद हुए हैं। जिस पर इन चारों को अवैध गोदाम पर खाद रखने पर शुक्रवार सुबह 10 तक जवाब देने के लिए नोटिस जारी किए गए हैं। उन्होंने बताया कि उकलाना में बिजली घर के पास बने गोदाम पर छापेमारी की। अवैध रूप से डीएपी का स्टॉक रखने पर उकलाना थाने में एफआईआर दर्ज करवाई गई है।

# तीज सिंधारा उत्सव के दौरान दिखेगा गुजराती फ्लेवर



**हिसार।** बैठक के दौरान उपस्थित अग्रवाल महिला विकास समिति की पदाधिकारी।

- अग्रवाल महिला विकास समिति का तीज सिंधारा उत्सव कार्यक्रम 26 को

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार

अग्रवाल महिला विकास समिति का तीज सिंधारा उत्सव 26 जुलाई को मिड टाउन ग्रैंड में धूमधाम से मनाया जाएगा। इस बार हिसारवासियों को इस उत्सव में गुजराती फ्लेवर से साक्षात्कार करने का अवसर मिलेगा। तीज सिंधारा उत्सव को नए आयाम प्रदान करने के लिए कौन बनेगी हमारी बा और बेन एवं म्हारो डिकरो और डिकरी स्पर्धा का आयोजन भी किया जाएगा।

तीज सिंधारा उत्सव की तैयारियों के संदर्भ में अग्रवाल महिला विकास समिति की पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को बैठक की।

इस बैठक में समिति की अध्यक्ष अनुपमा अग्रवाल, सचिव लता सिंगल, उपाध्यक्ष रेखा केडिया, कोषाध्यक्ष निशा गुप्ता, उपसचिव अमिता गुप्ता, कार्यकारिणी सदस्य पिंकी गोयल, अनीता गोयल, सुमन गुप्ता, रीना सातरोडिया, रोजी बंसल, इंदु गुप्ता व प्रीति जिंदल सहित समस्त सदस्य मौजूद रहे।

समिति की अध्यक्ष अनुपमा अग्रवाल ने बैठक में बताया कि तीज सिंधारा उत्सव में हिसार की विधायक सावित्री जिंदल मुख्यातिथि रहेंगी और पूर्व मेयर शकुंतला राजलीवाला, डॉ. प्रतिमा गुप्ता व समाजसेविका पंकज संधीर विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगी।

समाजसेविका कविता बंसल, पुनीता गुप्ता, मधु बंसल, ज्योति डालमिया व कविता केडिया की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी।

# कोर्स की फीस बढ़ाना युवाओं से विश्वासघात : सुरजेवाला

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस महासचिव एवं सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला ने भाजपा सरकार पर युवा विरोधी होने का आरोप लगाया। रणदीप सुरजेवाला ने आरोप लगाया कि भाजपा कार्यकाल में हरियाणा के कॉलेज और यूनिवर्सिटी भी अब मनमानी उगाही और बदहाली की इमारत बन कर रह गए हैं। उन्होंने कहा कि गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय (जीजेयू) से नियमित कोर्स करना महंगा होता जा रहा है। बीते दो साल में यूनिवर्सिटी से नियमित अंडर व पोस्ट ग्रेजुएट कोर्सिज की फीस में बढ़ोतरी हुई है। नर्सिंग व लॉ जैसे कोर्स की फीस तो डेढ़ से दो गुणा तक बढ़ी है। जीजेयू से लेकर रोहतक के महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) तक हर साल फीस तो बढ़ती जा रही है मगर शिक्षा के लिए ना पर्याप्त शिक्षक हैं, न ज़रूरी व्यवस्था है। उन्होंने कहा कि छात्रों को न केवल फैकल्टी की कमी है बल्कि अन्य मूलभूत सुविधाओं के अभाव का भी सामना करना पड़ रहा है। फैकल्टी की कमी से कई विभागों में नियमित कक्षाएं नहीं लग पा रही हैं।



रणदीप सुरजेवाला

### राज्य स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता 12 को

**हिसार।** हरियाणा सरकार के कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग की ओर से स्कूली बच्चों की रचनात्मक प्रतिभा को मंच देने और उन्हें प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से कल्पना को छूने दो आसमान थीम के साथ राज्य स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन 12 अगस्त को पंचकूला के यवनिका गार्डन, सेक्टर-5 में किया जाएगा। उपनिदेशक एवं जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी सुरेन्द्र सैनी ने बताया कि प्रतियोगिता में विद्यार्थियों को दो आयु वर्गों में विभाजित किया गया है। पहली श्रेणी में 6 से 10 वर्ष तक के बच्चों को स्टोरी टेलिंग विषय पर पेंटिंग बनानी होगी, जबकि दूसरी श्रेणी में 11 से 16 वर्ष के प्रतिभागियों को चित्र बनाना होगा।

# संगठन मजबूती में योगदान दें पदाधिकारी : जवाहर

- भाजपा जिला कार्यालय में नवनियुक्त पदाधिकारियों की परिचयात्मक बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार



**हिसार।** परिचयात्मक बैठक में उपस्थित सभी नवनियुक्त पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

भाजपा जिला प्रभारी जवाहर सैनी ने पार्टी के नवनियुक्त पदाधिकारियों से आह्वान किया है कि वे पार्टी की रीति व नीति के अनुसार कार्य करते हुए संगठन की मजबूती में अपना योगदान दें। भाजपा के सामाजिक कार्यों का प्रचार-प्रसार करें तथा केन्द्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों से जनता को अवगत करवाएं।

जवाहर सैनी भाजपा जिला कार्यालय में पार्टी के नवनियुक्त जिला पदाधिकारियों की परिचयात्मक बैठक को मुख्य वक्ता के तौर पर संबोधित कर रहे थे। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़ ने की। जिला प्रभारी जवाहर सैनी ने कहा कि पार्टी संगठन ने वरिष्ठ नेताओं से सलाह मशविरा करके संगठन को और मजबूत करने के लिए हाल ही में पदाधिकारी बनाए हैं। हर पदाधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में निपुण है। ऐसे में सभी पदाधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में कार्य करते हुए संगठन की मजबूती में अपना योगदान देने के साथ-साथ पार्टी के सामाजिक कार्यों में भी अग्रणी भूमिका निभाएं।

### ये रहे मौजूद

बैठक में जिला महामंत्री आशीष जोशी व कृष्ण सरसाना, उपाध्यक्ष रामफल नैन, सतीश सुरलिया, लक्ष्मी गोयल, मुनीश ऐलावादी, राज हसीना, सचिव आदित्य बिसला, कुलदीप डेलू, पिंकी शर्मा, कृष्ण खटाना, भूपसिंह रोहिला व पूनम मेहता, कार्यालय प्रमुख सुरेन्द्र सैनी, प्रवक्ता पीयूष महता, सुरेश जांगड़ा, अमर पातड़ व संदीप गोयल सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

# मंत्री ने युवा प्रतिभाओं को किया सम्मानित

- गांव खरक पूनिया में प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बरवाला



**बरवाला।** विद्यार्थियों को सम्मानित करते कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा। फोटो : हरिभूमि

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खरक पूनिया में चौधरी रणजीत सिंह वैध ट्रस्ट द्वारा सामाजिक उत्तरदायित्व का परिचय देते हुए प्रतिभा सम्मान समारोह तथा पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान सरकार शिक्षा को प्राथमिकता दे रही है और हम सबका प्रयास होना चाहिए कि बच्चे आधुनिक शिक्षा के साथ-साथ संस्कृति और परंपराओं से भी जुड़े रहें।

इस अवसर पर ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं पूर्व आईजी ईश्वर सिंह दुहन विशेष रूप से उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में पूर्व चेयरमैन सतबीर वर्मा, रणधीर सिंह धीरू, तहसीलदार रविन्द्र शर्मा, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी मनोज कुमार, रामकेश बंसल, सुंदर गोयल, मास्टर श्री चंद भनभौरी, प्रिंसीपल संजीव कुमार, डॉ. मंजीत बूरा, प्रवीन, अक्षीत पूनिया ने भाग लिया।

### लघु सचिवालय परिसर में लगाई गई जागरूकता प्रदर्शनी

**हिसार।** कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने आपातकाल के 50 वर्ष पूर्ण होने पर स्थानीय लघु सचिवालय परिसर में लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस अवसर पर विधायक सावित्री जिंदल भी उपस्थित थी। प्रदर्शनी का आयोजन सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग द्वारा आपातकाल के पीड़ितों को श्रद्धांजलि व सम्मान देने के लिए किया गया है। इस प्रदर्शनी में ऐतिहासिक दस्तावेजों के माध्यम से आपातकाल में लोकतंत्र पर हुए प्रहार से जुड़ी घटनाओं को प्रदर्शित किया गया है। इस अवसर पर पूर्व चेयरमैन सतबीर वर्मा व रणधीर सिंह धीरू सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहें।

# कर्मचारियों को पेंशन नहीं तो सांसद और विधायकों की पेंशन भी बंद हो

- कर्मचारियों की पुरानी पेंशन बहाल कर कार्यस्थल पर मूलभूत सुविधाएं मिलें : यूनियन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हांसी



**हांसी।** कार्यकारी अभियंता को गुलदस्ता देकर स्वागत करते युनियन पदाधिकारी।

पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर यूनियन ने पुरानी पेंशन बहाल किए जाने की मांग की है। पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर यूनियन, हांसी सिंचाई ब्रांच के प्रतिनिधिमंडल ने शाखा प्रधान अशोक यादव के नेतृत्व में कार्यकारी अभियंता नवदीप सांगवान से मुलाकात कर फील्ड कर्मचारियों की मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर उन्होंने यूनियन की ओर से गुलदस्ता भेंट कर अभियंता का स्वागत भी किया गया। प्रधान अशोक यादव ने बताया कि फील्ड कर्मचारियों को ड्यूटी के दौरान अनेकों प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, जिनका समाधान आवश्यक है। उन्होंने कार्यकारी अभियंता के समक्ष कर्मचारियों की कई मुख्य मांगें रखीं, जिनमें पुरानी पेंशन बहाली, प्रमोशन, कच्चे कर्मचारियों की नियमितीकरण और कार्यस्थल पर मूलभूत सुविधाएं शामिल थीं। अशोक यादव ने कहा कि सांसद और विधायक जितनी बार भी चुनाव जीत कर लोकसभा या विधानसभा सदस्य बनते हैं उन्हें उतनी ही बार की पेंशन मिलती हैं, वहीं अपनी जवानी के 30 से 35 साल तक सरकारी विभागों में सेवा देने वाले कर्मचारी पेंशन से वंचित किया जा रहा है। उन्होंने केंद्र सरकार से मांग की कि सांसदों और विधायकों को मिलने वाली पेंशन बंद की जाए और कर्मचारियों की पुरानी पेंशन बहाल की जाए।

## गणेश की मौत का मामला: एडीजीपी केके राव बोले

# पुलिस की गलती नहीं, हमलावरों पर कार्रवाई होगी

- एडीजीपी का खुलासा, मृतक गणेश पर पहले से केस दर्ज, तीन महीने रह चुका जेल में

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार



केके राव, एडीजीपी।

एडीजीपी केके राव ने 12 क्वार्टर एरिया में म्यूजिक सिस्टम बजाने के विवाद में गणेश की मौत मामले पर पुलिस का बचाव करते हुए कहा कि इस मामले में पुलिस की कहीं कोई गलती नहीं है। एडीजीपी ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर भविष्य में भी इस तरह की किसी ने गुस्ताखी की तो पुलिस सख्ती से पेश आएगी। उन्होंने जोर देकर कहा कि इस मामले में पुलिस की कोई गलती होती तो उन्हें पहले दिन ही सजा मिल चुकी होती। पुलिस अब तक की जा चुकी जांच से जुड़े दस्तावेज गणेश के परिजनों को उपलब्ध कराने को तैयार है।

एडीजीपी राव ने गुरुवार को अपने कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि इस मामले में उच्च न्यायालय की तरफ से जो भी निर्देश आएंगे, पुलिस उनका पालन करेगी। एडीजीपी ने खुलासा किया कि इस घटना में जिस युवक गणेश की मौत हुई है, उस पर केस दर्ज था और वह तीन महीने जेल भी रहकर आया था।

इस घटना में घायल दूसरे युवक आकाश द्वारा बयान बदलने के सवाल पर एडीजीपी ने कहा कि आकाश के बयान उसके पिता के सामने अग्रोहा मेडिकल कॉलेज में लिए गए थे और पुलिस इस मामले में लाई डिटेक्टर टेस्ट करने को भी तैयार है। उन्होंने कहा कि घटना के दिन जो लोग सड़क के बीच म्यूजिक सिस्टम बज रहे थे, उनमें कुछ अपराधी के प्रवृत्ति के युवक शामिल थे। उनमें से कुछ पर 15-15 केस दर्ज है जोकि पिछले 8 साल से अदालत में विचाराधीन भी हैं। पुलिस जांच में कई ऐसे साक्ष्य मिले हैं जिन्हें पुलिस कोर्ट में पेश करेगी। पुलिस पार्टी पर हमला करने के मामले में पुलिस ने 10 नामजद सहित 12 -13 अन्य के खिलाफ केस दर्ज किया है जिनकी अभी गिरफ्तारी नहीं हुई है। पुलिस पर हमला करने वाले किसी भी आरोपी को छोड़ नहीं जाएगा।

धरने पर पुलिस की भूमिका पर सवाल उठाने वाले संगठनों से एडीजीपी ने सवाल किया कि जो भी संगठन धरने को समर्थन देने आ रहे हैं।

आज तक किसी ने यह नहीं कहा कि हम आपको पुलिस पर हमला करने के आरोपी देते हैं, अब आप हमारी मांगों को पूरा करो। उन्होंने संगठनों से अपील की कि मृतक के शव का पोस्टमार्टम हो चुका है और अब शव का अंतिम संस्कार करें।

अगर नहीं मानते हैं तो पुलिस प्रशासन खुद मृतक के शव का अंतिम संस्कार करेगी।

### यह था मामला

बता दें कि 7 जुलाई को 12 क्वार्टर एरिया में सड़क के बीच म्यूजिक सिस्टम बजाने को लेकर पुलिस के साथ विवाद हुआ था। म्यूजिक सिस्टम बंद करवाने गई पुलिस पार्टी पर जन्मदिन की पार्टी मना रहे युवकों ने शराब के नशे में जानलेवा हमला किया था। इस दौरान भगदड़ में दो युवक छत से गिरे थे, जिसमें से युवक गणेश की मौत हो गई थी जबकि आकाश गंभीर रूप से घायल हो गया था। मृतक के परिजनों ने पुलिस पर गणेश के सिर पर डंडा मारकर छत से धक्का देने का आरोप लगाया था और पुलिसकर्मियों पर केस दर्ज करने तथा गणेश के परिवार को एक करोड़ की आर्थिक मदद देने की मांग करते हुए नागरिक अस्पताल में दलित संगठनों का धरना जारी है।

हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
आवश्यकता है
भारत के तेजी से बढ़ते हिन्दी समाचार-पत्र हरिभूमि को हिसार शहर में डोर-टू-डोर मार्केटिंग के लिए उत्साही, योग्य व आकर्षक व्यक्तित्व वाले युवक-युवतियों की आवश्यकता है, जो मीडिया के क्षेत्र में कैरियर बनाना चाहते हैं



आयु : 18 से 30 वर्ष तक
योग्यता : 10+2 या इससे अधिक
वेतन : योग्यतानुसार (वेतन बुकिंग अनुसार)
मिलने का समय : प्रात: 11.00 से सायं 5.00 बजे तक (कार्यदिवस को)
अपना बायोडाटा मोबाइल नं. 9253681005 पर व्हट्सअप करें या hbcircurtk@gmail.com मेल करें।
सम्पर्क करें :- हरिभूमि कार्यालय
783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 9253681005, 9653530207